भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4100
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

श्योपुर में बीएसएनएल टावर्स

4100. श्री शिवमंगल सिंह तोमरः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में प्रस्तावित बीएसएनएल टावरों का कार्य वर्तमान में लंबित पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो उक्त लंबित कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) उक्त कार्य को पूरा करने के लिए अलग-अलग क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) इस कार्य के निष्पादन में विलंब के क्या कारण हैं और इसे शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) बीएसएनएल ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में दिनांक 30-06-2026 की स्थिति के अनुसार 43 टावरों में से 32 मोबाइल टावरों को चालू कर दिया है। इसके कार्यान्वयन में राइट ऑफ वे अनुमति, वन संबंधी मंजूरी में देरी होना, सुदूर क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स संबंधी मुद्दे शामिल हैं०। इनका समाधान आवधिक समीक्षाओं और अंतर-मंत्रालयी/राज्य स्तरीय समन्वय के माध्यम से किया जाता है।

*****